# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय 2017/ 1026 दिनांक 09.08.17

प्रति,

विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- जीवाजी विश्वविद्यालय की समस्त अध्ययनशालाओं में सी0बी0सी0एस. पद्वति से आयोजित स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा-जून 2017 की प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन/सेमीनार/असाइनमेंट/प्रोजेक्ट के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर 18.08.2017 अपडेट करने एवं अपडेट अंको की हार्ड प्रति गोपनीय विभाग(प्रायोगिक सेल) में आवश्यक रूप से जमा करने के संबध में।

महोदय/महोदया

उपरोक्त विषयक में सूचित किया जाता है कि, जीवाजी विश्वविद्यालय की समस्त अध्ययनशालाओं में सी0बी0सी0एस0 पद्वति से आयोजित स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा-जून 2017 की सैद्वांतिक विषयों की परीक्षाऐं सम्पन्न हो चुकी है। परीक्षा उपरांत उक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्रओं का परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाना है।

अतः विश्वविद्यालय की समस्त अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि, वे अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन/सेमीनार/असाइनमेंट प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर दिनांक 18.08.2017 तक आवश्यक रूप से अपडेट करें एवं अपडेट अंको को हार्ड प्रति दिनांक 19.08.2017 तक आवश्यक रूप से जमा करावें। निर्धारित समयावधि में उक्त अंको को अपडेट नहीं कराये जाने पर संस्थान/अध्ययनशाला में में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा, जिसका सम्पूर्ण दायित्व संस्थान/अध्ययनशाला का होगा। परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने के उपरांत किसी भी स्थिति में प्राप्त अंको को मान्य नहीं किया जावेगा।

कृपया उक्त कार्य को निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ संपादित करने का कष्ट करें।

भवदीय

[signature]

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा0 कुलसचिव(गोपनीय)जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

[signature]

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)